आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्र ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से दवाइयों को बाज़ार में जारी करने से पहले परीक्षण सुनिश्चित करने को कहा।
- द्वीप नारियल महोत्सव का दूसरा संस्करण आज से प्रदर्शनी मैदान में आयोजित किया जाएगा।
- जिला योजना समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के लिए 03–वर्षीय कार्य योजना और अनुपूरक कार्य योजना पर विचार–विमर्श किया गया।
- शिक्षा विभाग की ओर से "शतरंज के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाएँ" शीर्षक पर पाँच दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू।

<><><><><><><>

केन्द्र ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से दवाइयों के प्रत्येक बैच के निर्माण और बाज़ार में जारी करने से पहले परीक्षण सुनिश्चित करने के उपाय करने को कहा है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कथित तौर पर दूषित कफ सिरप से बच्चों की मौतों की हाल की घटनाओं के बाद यह निर्देश दिया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि निर्माताओं के पास एक मज़बूत विक्रेता योग्यता प्रणाली हो और वे केवल विश्वसनीय और अनुमोदित विक्रेताओं से ही कच्चा माल खरीदें। महानिदेशालय ने कहा है कि औषधि नियमों के अनुसार लाइसेंसधारी को अपने उत्पाद के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल के प्रत्येक बैच या लॉट और अंतिम उत्पाद के प्रत्येक बैच का परीक्षण करना होगा। लाइसेंसधारी को ऐसे परीक्षणों के संबंध में विवरण दर्शाने वाले रिकॉर्ड या रजिस्टर भी रखने होंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के 19वें कमांडर–इन–चीफ वाइस एडमिरल अजय कोचर ने कल राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने द्वीपसमूह में संभावित योजनाओं, बल में बढ़ोत्तरी, रणनीतिक बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं और तटीय सुरक्षा को मजबूत करने पर चर्चा की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान ने कल अपना 25वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर, अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ वाइस एडमिरल अजय कोचर ने सैन्य स्टेशन ब्रिचगंज में एक औपचारिक संयुक्त सेवा परेड की समीक्षा की। इससे पहले उन्होंने बायोनेट स्क्वायर पर पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह में भारतीय वायुसेना के Mi–17 हेलीकॉप्टर द्वारा फ्लाई पास्ट और भारतीय नौसेना के MARCOS द्वारा Mi–17 के माध्यम से लघु टीम प्रविष्टि और निष्कर्षण संचालन किया गया। इस अवसर पर कमान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। समारोह के दौरान मरीना पार्क के पास भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों की रोशनी से सजाया गया और संयुक्त सेवा बैंड द्वारा संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस बीच, वायु सेना दिवस के अवसर पर, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के वाई सिंह ने जेएनआरएम कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत कर उन्हें सशस्त्र बलों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने एन सी सी में शामिल होने के लाभों के बारे में बताया गया। छात्रों को वायु सेना पर एक फिल्म भी दिखाई गई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम पेश कर रहे हैं, केरल की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट

<><><><><><><>

द्वीप नारियल महोत्सव 2025 का दूसरा संस्करण आज से प्रदर्शनी मैदान में आयोजित किया जाएगा। 'नारियल का उत्सव – द्वीप की संस्कृति, व्यंजन और शिल्पकला' विषय के साथ यह दो दिवसीय महोत्सव पर्यटन विभाग संबद्ध विभागों के सहयोग से आयोजित कर रहा है। महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल की जाएंगी। कार्यक्रम शाम 3 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले की जिला योजना समिति की कल दूसरे दिन की बैठक में कैंपबेल बे राजस्व क्षेत्रों सहित दक्षिण अंडमान जिले की वित्त वर्ष 2026–29 के लिए 03–वर्षीय कार्य योजना और वित्त वर्ष 2025–26 के लिए अनुपूरक कार्य योजना पर विचार–विमर्श किया गया। इस बैठक के दौरान, कृषि एवं वन

सेवा, सामाजिक कल्याण समिति, मत्स्य पालन, समाज कल्याण, वन, शिक्षा, कला एवं अन्य विभागों से संबंधित 03–वर्षीय कार्य योजना के मसौदे और अनुपूरक कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से गर्ल्स स्कूल के सभागार में "शतरंज के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाएँ" शीर्षक से पाँच दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 13 अक्टूबर तक चलने वाला यह प्रशिक्षण कक्षा 1 से 8 तक की छात्राओं के लिए है। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना, उनकी क्षमता को बढ़ाना, एकाग्रता, आलोचनात्मक सोच और खेल भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत खेल सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद अहमद ने शतरंज की बिसात पर पहली चाल चल कर किया। लगभग 150 छात्राएँ इस प्रशिक्षण में भाग ले रही हैं।

<><><><><><>

क्षेत्रीय कृषि कार्यालय की ओर से पुष्प–कृषि को बढ़ावा देने पर उष्णकटिबंधीय कटे फूलों पर ग्राम पंचायत बिडनाबाद में एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातरापुर पंचायत समिति प्रमुख चंपा दास मुख्य अतिथि के रूप मे ंउपस्थित थीं। उन्होंने अपने संबोधन में द्वीपों में उष्णकटिबंधीय पुष्प–कृषि की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए उच्च मूल्य वाली फसलें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि सहायक निदेशक पिचम्मल बीवी ने किसानों को द्वीप की कृषि–जलवायु परिस्थितियों में इन फसलों की उपयुक्तता, और उनके आर्थिक लाभों के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्थानीय किसानों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, क्षेत्रीय कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 23 किसानों ने मौके पर पुष्प कृषि पहल के तहत अपने नाम दर्ज कराए।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से टीचर्स होम ऑडिटोरियम में निःशुल्क टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और खेल कौशल विकसित करना है। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी राकेश चंद्र लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को इस खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। यह प्रशिक्षण शिविर सोमवार से गुरुवार तक शाम 4 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

आगामी पर्यटन सीज़न को देखते हुए, गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केंद्र में आगंतुकों और पर्यटकों के लिए तारा दर्शन गतिविधियां आयोजित की जाएगी। ये सत्र मंगलवार से रविवार तक शाम 5.30 बजे से 7 बजे के बीच आयोजित किए जाएँगे। कार्यक्रम के दौरान, आगंतुक ग्रहों, नक्षत्रों और अन्य खगोलीय पिंडों को देख सकते हैं। इसके लिए प्रवेश शुल्क 10 रुपये प्रति व्यक्ति लागू होगा।

<><><><><><><>